## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 25.03.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के लिए नागरिकों से सुझाव मांगे हैं।
- ट्रेण्ड नर्सेस एसोसिशन ऑफ इंडिया द्वारा ''बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रोवाइडर कोर्स'' का आयोजन किया जा रहा है।
- टूर गाइडिंग पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का कल समापन हो गया।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा द्वीपसमूह में विश्व टीबी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस महीने की तीस तारीख को आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम के लिए नागरिकों से सुझाव मांगे हैं। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ बीसवीं कड़ी होगी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कार्यक्रम के लिए बड़े पैमाने पर सुझाव मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह सुझाव सामाजिक भलाई के लिए सामूहिक प्रयासों की शक्ति को दर्शाते हैं।

लोग इस कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से दे सकते हैं। वे नरेंद्र मोदी ऐप या माय–गो ओपन फोरम के माध्यम से ऑन–लाइन भी अपने सुझाव साझा कर सकते हैं। आगामी एपिसोड के लिए सुझाव इस महीने की अट्ठाईस तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

<><><><><><><>

ट्रेण्ड नर्सेस एसोसिशन ऑफ इंडिया की अण्डमान निकोबार शाखा द्वारा ''बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रोवाइडर कोर्स'' का आयोजन किया जा रहा है। यह पाठ्यक्रम सत्ताईस मार्च तक चलेगा। प्रेरणा दीप हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन कल स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. सुजा एन्थोनी ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा हम द्वीपसमूह में रहते है और यहां इस तरह के प्रशिक्षण बेहद महत्वपूर्ण है और इस तरह के आयोजनों से हम अपनी बेसिक जानकारियों को ताजा करते है।

इस कार्यक्रम में टी एन ए आई के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऐनी अशोक सहित सरकारी और निजी संस्थानों से जुड़े हुए लोग नर्सेस और ए एन एम ने भाग लिया। इस चार दिवसीय पाठ्यक्रम में आपातकालीन स्थितियों में

मरीजों को जीवन रक्षक प्राथमिक सहायता प्रदान करने, सी पी आर तकनीकों और दम घुटने जैसी स्थितियों को जल्द से जल्द सहायता देने के तरीकों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया जाएगा। टी एन आई के सचिव श्रीनिवासन ने बताया कि यह प्रशिक्षण नर्सिंग कर्मियों के लिए अत्यंत लाभकारी रहेगा और इससे वे आपातकालीन स्थितियों में मरीजों की जान बचाने में सक्षम होंगे। इस अवसर पर सभी नर्सेस में स्मृति चिन्ह का वितरण किया गया। कार्यक्रम का समापन जिल्ली हेवन के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग की ओर से टूर गाइडिंग पर बारह दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का कल समापन हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर सूचना एवं पर्यटन निदेशक अजहरूद्दीन ज़हरूद्दीन काजी ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह का प्रशिक्षण से पर्यटन के क्षेत्र में काफी लाभ होगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा द्वीपसमूह में विश्व टीबी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जीबी पन्त अस्पताल और अनिम्स के व्याख्यान हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य सचिव डॉ. अनिल अग्रवाल मुख्य अतिथि थे। उन्होंने स्वास्थ्य संस्थानों में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं में प्रमाण पत्रों का वितरण किया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान की चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज के दौर में इस बीमारी से नौजवान भी प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में हमें अपनी जीवन शैली को बदलने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. सुजा एन्थोनी संयुक्त निदेशक डॉ. पी लाल के अलावा स्वास्थ्य अधिकारी नर्सेस और छात्र–छात्राओं की उपस्थिति रही। इस मौके पर ''टीबी कैसे फैलता है और इसकी रोकथाम कैसे करे''। इस पर पावर प्वाइंट प्रस्तुति की गई। छात्रों द्वारा कई कार्यक्रमों के आयोजन किए गए, जिसने संदेश दिया टीबी हारेगा, तभी देश जीतेगा। कार्यक्रम का समापन डॉ. कीर्तिवासन के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

<><><><><><><>

बर्मानाला के श्री शक्ति अंगाला परमेश्वरी मन्दिर में पंगुनी उत्सव का आयोजन चल रहा है। सोलह मार्च से चल रहे इस उत्सव का कल समापन होगा। उत्सव के दौरान आज दोपहर दो बजे भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। उसके बाद श्रद्धालु अग्नि में चल कर अपनी आस्था प्रकट करेंगे। इस अवसर पर आज और कल

महा–प्रसाद और अन्नदानम की व्यवस्था की गई है। बिडनाबाद पंचायत के प्रधान आर. परमाशिवम ने इस अवसर पर सभी श्रद्धालुओं से आर्शीवाद लेने का आग्रह किया है।

<><><><><><><>

**समाचार पत्रों की सुर्खियां**

कालीकट ग्राम पंचायत ने प्रातरापुर पंचायत समिति के सहयोग से दो दिवसीय स्वंय सहायता समूह मेला–2025 के सफलतापूर्वक समापन किया गया– **द्वीप समाचार** ने पहले पन्ने के निचले भाग में सचित्र प्रकाशित किया है। अखबार ने घर–आधारित नवजात शिशु देखभाल पर आशा कार्यकर्ताओं के पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को भी अंतिम पन्ने में जगह दी है। **द डेली टेलीग्राम्स** ने पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटक गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन करने के समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। **इंफो इंडिया** ने बाल देखभाल एवं संरक्षण पर कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को पहले पन्ने के मध्य में जगह दी है। विश्व टीबी दिवस के अवसर पर कल दक्षिण अण्डमान उपायुक्त ने ऑटो रैली को झण्डी दिखाई – **द इको ऑफ इंडिया** की बडी खबर है।

<><><><><><><>